# दीपक सक्सेना, कौशलेन्द्र सचिव पद पर पदोन्नत

## वर्ष 2002, 2010, 2013 और 2022 बैच के आईएएस को पदोन्नत करने मंत्रालय में हुई डीपीसी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 11 दिसंबर. भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार बैच के अफसरों को पदोन्नत करने के लिये गुरुवार को मंत्रालय में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक हुई.**

बैठक में 2002, 2010, 2013 और 2022 बैच के ज्यादातर नामों को हरी झंडी दे दी गई. वर्ष 2002 बैच के दो अफसरों के प्रमुख सचिव बनने का रास्ता साफ हो गया. इनमें से भी मप्र में पदस्थ सचिव कार्मिक एम.सेलवेन्द्रम को प्रमुख सचिव के पद पर पदोन्नत किया गया, इसी बैच के अजीत कुमार जो केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं, उनको प्रोफार्मा पदोन्नति देने पर सहमति बनी.

सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि वर्ष 2002 बैच में महज दो ही आईएएस हैं. इस तरह इस बार की डीपीसी में प्रदेश को एक ही प्रमुख सचिव स्तर का अधिकारी मिला है. इससे आने वाले समय में कई विभागों का दारोमदार सचिव स्तर के अधिकारियो के कंधे पर रहेगा. डीपीसी मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई. जिसमें एसीएस डॉ. राजेश राजौरा भी शामिल हुए. पदोन्नति संबंधी आदेश शीघ्र ही जारी होने की संभावना है.

डीपीसी में शामिल सबसे महत्वपूर्ण बैच 2010 का था, इस बैच में अपर सचिव स्तर के 20 अधिकारी हैं. बताया जा रहा है कि इस बैच में कुल 17 नामों को सचिव पद पर पदोन्नति के लिये हरी झंडी दी गई. इस बैच में तीन अफसरों के नाम रोक दिये गए. जिन अफसरों को सचिव पद पदोन्नत करने पर सहमति बनी है, उनमें आयुक्त जनसंपर्क दीपक सक्सेना, भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, स्वास्थ्य आयुक्त तरूण राठी, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एमडी अनय द्विवेदी, कमिश्नर फूड कर्मवीर शर्मा, अपर सचिव पिछड़ा वर्ग विभाग अनुराग चौधरी, कमिश्नर कोष एवं लेखा भास्कर लक्षकार, कमिश्नर ग्वालियर संभाग अभिजीत अग्रवाल, कमिश्नर उज्जैन संभाग आशीष सिंह, डायरेक्टर स्वास्थ्य दिनेश श्रीवास्तव, सचिव राजस्व मंडल ग्वालियर सपना निगम, चंबल कमिश्नर सुरेश कुमार, अपर सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय चंद्रशेखर वालिम्बे, अपर सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग शीलेन्द्र सिंह शामिल हैं.

> 2013 बैच के अफसरों को अपर सचिव के पद पर पदोन्नत करने पर सहमति बन गई है. इस बैच में कुल 27 अफसर थे, जिनके नामों पर विचार किया गया. इसमें से 10 अधिकारी अभी कलेक्टर के पद पर पदस्थ हैं, इनमें इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा और जबलपुर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह भी शामिल हैं. इनके अलावा प्रियंक मिश्रा, अमनबीर बैंस, ऋषि गर्ग, रजनी सिंह, मयंक अग्रवाल, सोनिया मीना, सतीश कुमार एस., फ्रेंक नोबल ए., सोमेश मिश्रा, एस. कृष्णा चैतन्य, अनूप कुमार सिंह, हर्ष दीक्षित, संदीप जीआर. गिरीश कुमार मिश्रा, उमा माहेश्वरी आर., विकास मिश्रा, अजय श्रीवास्तव, मीनाक्षी सिंह, कैलाश वानखेड़े, अमर बहादुर सिंह, मनीषा सेंतिया, नीरज कुमार वशिष्ठ, किशोर कुमार कान्याल, रूही खान, पवन कुमार जैन के नाम शामिल हैं.



# दिसंबर में कड़ाके की ठंड

**एमपी में दिसंबर भर जमाएगी ठंड-**

**जेट स्ट्रीम से पारा 3-7 डिग्री तक गिरा**

**भोपाल, 11 दिसंबर. मध्यप्रदेश में इस साल दिसंबर की शुरुआत से ही कड़ाके की ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है.**

हिमालयी क्षेत्रों में लगातार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ और उत्तरी भारत में तेज जेट स्ट्रीम के कारण राज्य भर में तापमान तेजी से नीचे आ रहा है. कई शहरों में पारा 3 से 7 डिग्री सेल्सियस तक रिकॉर्ड किया गया है, जिससे प्रदेश के बड़े हिस्से में शीतलहर की स्थिति बन गई है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस बार दिसंबर सामान्य से अधिक ठंडा रहने वाला है. समय से पहले हुई बर्फबारी, ला नीना पैटर्न और उत्तरी हवाओं की वजह से यह ठंड और तीव्र महसूस हो रही है.

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम शुष्क रहा, लेकिन ठंडी हवाओं के कारण दोपहर तक कड़ाके की ठंड बनी रही. भोपाल, रायसेन, राजगढ़, सीहोर, शाजापुर और शहडोल जिलों में शीतलहर दर्ज की गई, जबकि इंदौर जिले में तीव्र शीतलहर का प्रभाव देखने को मिला. अधिकतम तापमान में खास बदलाव नहीं हुआ, हालांकि इंदौर और उज्जैन संभागों में यह सामान्य से 1.7 डिग्री तक कम रहा. न्यूनतम तापमान में गिरावट और अधिक स्पष्ट रही. भोपाल संभाग में यह सामान्य से 5.1 डिग्री तक नीचे रहा. इंदौर और उज्जैन में रात का तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री से 3.4 डिग्री तक कम रिकॉर्ड हुआ.

> नर्मदापुरम, चंबल, रीवा, जबलपुर, शहडोल और सागर संभागों के जिलों में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री से 2.9 डिग्री तक नीचे रहा. मौसम केंद्र के अनुसार वर्तमान में पूर्वोत्तर भारत के ऊपर 12.6 किमी की ऊंचाई पर लगभग 204 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उपोष्ण जेट स्ट्रीम बह रही है. जिसका असर मध्यप्रदेश तक दिख रहा है. 13 दिसंबर से एक और कमज़ोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे प्रदेश में कई दिनों तक ठंडी और बर्फीली हवाएं चलती रहेंगी.

## एक नजर में

### विधायक को धमकी देने वाले ने किया आत्मसमर्पण

**शिवपुरी.** जिले के कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाहा को धमकी देने के आरोपी ने शिवपुरी न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया. पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि आरोपी प्रभात रावत कुख्यात बदमाश है. वो पूर्व में भी आपराधिक मामले में फरार चल रहा था. सूत्रों ने बताया कि चार दिन पूर्व उसने जिले के पोहरी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक कैलाश कुशवाहा को फोन पर धमकी दी थी. विधायक के इस मामले में पुलिस में शिकायत कर दिए जाने के बाद कोतवाली पुलिस ने प्रकरण दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी थी.

### अवैध गांजे के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना.** जिले में पुलिस ने बिक्री हेतु गांजा ले जाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से करीब 5 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा एवं एक मोटरसाइकिल सहित करीब 2 लाख 15 हजार रुपये का सामान जब्त किया गया है. जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थ के परिवहन, विक्रय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है. निर्देशों के अनुपालन में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा को कल मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति दो बैग में भर कर गांजा बेचने मोटरसाइकिल से पन्ना आ रहे हैं.

# सिक्किम को 400 ईवीएम देगा एमपी

## ईव्हीएम शेयरिंग पॉलिसी के तहत किराये पर उपलब्ध कराने किया एमओयू

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 11 दिसंबर.मप्र राज्य निर्वाचन आयोग ईव्हीएम शेयरिंग पॉलिसी के तहत किराये पर सिक्किम राज्य निर्वाचन आयोग को 400 ईवीएम उपलब्ध करायेगा.**

इस संबंध में गुरुवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव की उपस्थिति में सचिव मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह और सचिव सिक्किम राज्य निर्वाचन आयोग सुश्री ग्लोरिया नामचू ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये. राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव ने कहा कि ईवीएम शेयरिंग के मामले में मध्यप्रदेश पॉयनियर स्टेट है. उन्होंने बताया कि ईवीएम शेयरिंग पॉलिसी के तहत छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग को ईवीएम किराये पर दी जा चुकी हैं. इसी तरह जम्मू-कश्मीर एवं महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन को भी ईवीएम किराये पर देने के लिये एमओयू हो चुका है.

अन्य राज्यों के साथ भी एमओयू की प्रक्रिया चल रही है. उन्होंने कहा कि यह पॉलिसी को-ऑपरेटिव फेडरेलिजम का बेहतर उदाहरण है. श्रीवास्तव ने बताया कि मध्यप्रदेश में स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है. उन्होंने कहा कि आज के एमओयू से सिक्किम और मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के बीच संबंध और सुदृढ़ होंगे.

> सचिव सिक्किम राज्य निर्वाचन आयोग सुश्री नामचू ने कहा कि यह पॉलिसी सिक्किम जैसे छोटे राज्यों के लिये बहुत उपयोगी है. सुश्री नामचू ने कहा कि इससे राज्यों का आर्थिक बोझ कम होगा और सरलता से स्थानीय चुनाव कराये जा सकेंगे. उन्होंने कहा कि इसके अलावा मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपयोग की जा रहीं निर्वाचन की अन्य नवीनतम तकनीकों के बारे में भी जानकारी मिलेगी, जिसका उपयोग सिक्किम राज्य निर्वाचन आयोग करेगा.

## प्रथम पेज का शेष

### गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे अटल जी

किया. कारगिल में पाकिस्तान को सबक सिखाया. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सौगात दी. आंध्रप्रदेश और मध्यप्रदेश दो बिछड़े भाइयों के समान सीएम ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के बताए मार्ग पर देश की सरकार चल रही है. प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नायडू की दोस्ती पक्की है.चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश में एनडीए सरकार में मुख्यमंत्री हैं. वे आंध्र प्रदेश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे हैं. प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मप्र भी विकास के पथ पर अग्रसर है. एनडीए ने भगवान श्रीकृष्ण के वंशज को मप्र की कमान सौंपी है.

आंध्र प्रदेश में नायडू ने सत्या जी को आगे बढ़ाया है. यही सबका साथ-सबका विकास का संकल्प है. जनता के चेहरे के भाव देखकर ऐसा लग रहा है कि आंध्र प्रदेश और मध्यप्रदेश दो बिछड़े भाइयों के समान हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आंध्र प्रदेश के पार्टी अध्यक्ष टीवीएन माधव को अटल ज्योति संदेश यात्रा के लिए बधाई दी.

# 1 जनवरी से 25 ट्रेनों के समय में होगा बदलाव

## भोपाल के स्टेशनों पर गाड़ियों के आगमन और प्रस्थान समय में परिवर्तन किया



**भोपाल, 11 दिसंबर. रेलवे प्रशासन द्वारा 01 जनवरी 2026 से नई समय-सारणी लागू की जा रही है. इसके तहत भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कई गाड़ियों के आगमन और प्रस्थान समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है.**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के अनुसार नई समय-सारणी से अधिकांश ट्रेनों की औसत गति बढ़ेगी, जिससे यात्रा समय में बचत होगी. भोपाल और रानी कमलापति स्टेशन से चलने वाली 9 ट्रेनों के समय संशोधित किए गए हैं.इसमें भोपाल-रीवा एक्सप्रेस का प्रस्थान 23.05 से बदलकर 23.00 बजे, भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस 16.55 से बदलकर 16.40 बजे तथा रानी कमलापति-पुणे एक्सप्रेस का प्रस्थान 15.50 से बदलकर 15.40 बजे किया गया है. इसके अलावा जयपुर, ग्वालियर और अगरतल्ला जाने वाली गाड़ियों के समय में भी मामूली परिवर्तन किया गया है.

> **मध्यवर्ती व इंटरचेंज स्टेशनों पर बदलाव**
>
> इटारसी, बीना, रूठियाई और संत हिरदाराम नगर स्टेशनों पर 10 ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान समय संशोधित किए गए हैं, जिनमें दरभंगा-मैसूर, सहरसा-बेंगलुरु, हजरत निजामुद्दीन-कन्याकुमारी और बिलासपुर-इंदौर शामिल हैं. रेलवे ने बताया कि मंडल में कई गाड़ियों का स्पीडिंग अप भी किया गया है.

**समय में बदलाव...**

रीवा, इटारसी, बीना और भोपाल पहुंचने वाली 6 ट्रेनों के आगमन समय में परिवर्तन किया गया है. इनमें रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस अब 07.55 बजे पहुंचेगी, जबकि बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 17.18 की बजाय 17.00 बजे पहुंचेगी.

# मंत्रालय गेट पर आज संयुक्त प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 11 दिसंबर.मंत्रालय सेवा अधिकारी/कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक ने प्रेस बयान में बताया कि ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा और सामान्य वर्ग के कर्मचारी आज 12 दिसंबर को मंत्रालय गेट नंबर-6 पर दोपहर 1 से 2 बजे तक प्रतीकात्मक प्रदर्शन करेंगे.**



विरोध स्वरूप प्रतिभागी शंखनाद और घंटानाद कर सोई हुई प्रशासनिक व्यवस्था को जगाने तथा आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे. नायक ने कहा कि बेटियों के प्रति कथित रूप से अत्यंत आपत्तिजनक टिप्पणी करने और विभिन्न अनियमितताओं के आरोपों के बावजूद 18 दिन बीत जाने पर भी संतोष वर्मा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है. अब तक ब्राह्मण संगठनों और सामान्य वर्ग के कर्मचारी अलग-अलग आंदोलन कर रहे थे, लेकिन नवगठित संयुक्त संघर्ष मोर्चे के तहत, संयोजक वीरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में, यह पहला संयुक्त चरण होगा. आयोजकों ने सभी सामान्य वर्ग के कर्मचारियों से इस प्रदर्शन में सम्मिलित होने की अपील की है. कार्यक्रम की औपचारिक सूचना प्रशासन को दे दी गई है.

### नीट पीजी काउंसलिंग के पहले चरण का परिणाम घोषित

**भोपाल.** चिकित्सा शिक्षा संचालनालय भोपाल ने एमपी नीट पीजी काउंसलिंग 2025 के पहले चरण का सीट आवंटन परिणाम जारी कर दिया है।

# भालू का आतंक : एकलव्य विद्यालय टमसार के परिसर में दूसरी बार घुसा भालू

नवभारत न्यूज

**सीधी 12 दिसंबर, जिले के कुसमी ब्लॉक के एकलव्य आवासीय स्कूल टमसार में बुधवार शाम एक बार फिर भालू घुस आया। लगातार दो दिनों में भालू के दोबारा परिसर में पहुंचने से छात्रावास में रह रहे 170 बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।**

घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है और क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया गया है। इससे पहले सोमवार को भी भालू पहली बार स्कूल की बाउंड्री कूदकर छात्रावास परिसर तक पहुंच गया था। अचानक भालू को देखकर बच्चे और स्टाफ डरकर इधर-उधर भागने लगे थे। मंगलवार को वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी और काफी प्रयासों के बाद भालू को जंगल की तरफ खदेड़ा गया था। लेकिन बुधवार शाम करीब 6-30 बजे वही भालू दोबारा बाउंड्री फांदकर परिसर में आ गया। इस दौरान एक स्थानीय युवक ने भालू की वीडियो रिकॉर्डिंग कर ली, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना के बाद बच्चों, अभिभावकों और आसपास के ग्रामीणों में फिर दहशत फैल गई है। स्कूल परिसर में लगभग 170 बच्चे रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भालू करीब तीन साल का है और संभवतः भोजन की कमी के कारण जंगल छोडकर आबादी की ओर आ रहा है। बताया गया है कि पिछले कुछ दिनों से भालू को गांव की ओर भटकते हुए देखा गया है, इसलिए स्कूल में फिर से घुसने की आशंका पहले से बनी हुई थी।

**वन विभाग ने जारी किया अलर्ट-** वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे भालू के आसपास न जाएं और पूरी तरह सतर्क रहें। वन विभाग के अधिकारी रामेश्वर सिंह ने बताया कि मंगलवार को भालू को जंगल की तरफ भगाया गया था। बुधवार की नई घटना की जानकारी उन्हें मिल चुकी है और यदि भालू के फिर परिसर में घुसने की पुष्टि होती है, तो टीम को तुरंत भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों और ग्रामीणों की सुरक्षा प्राथमिकता है और भालू को सुरक्षित तरीके से जंगल पहुंचाने की कोशिश की जाएगी।

# सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर भोपाल-इंदौर में होंगे कार्यक्रम

**13 को भोपाल और 14 को इंदौर में होगा कार्यक्रम**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 11 दिसंबर.मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 13 दिसंबर को भोपाल और 14 दिसंबर को इंदौर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.**

प्रदेश में सरकार बनने के बाद गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए कई उल्लेखनीय निर्णय लिए गए. राज्य में कृषि के लिए सिंचाई का रकबा दोगुना करने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान और कई बड़ी परियोजनाओं के माध्यम से प्रयास जारी हैं. युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए उद्योगों के विकास पर जोर दिया जा रहा है. हमारी इंडस्ट्रियल ग्रोथ रेट देश में सबसे अधिक है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के लिये रवाना होने से पहले इंदौर में मीडिया से चर्चा कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में सुशासन पर आधारित व्यवस्थाएं संचालित हों, इसके लिए अच्छे कार्य में सदैव साथ हैं और अगर कहीं भी कुछ गलत होगा तो उसे बर्दाश्त नहीं करेंगे. मप्र की धरती से नक्सलवाद के उन्मूलन की दिशा में विगत दिनों उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है. प्रदेश में नक्सलियों का सबसे बड़ा सरेंडर बालाघाट में कराया गया है. भविष्य में नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने का लक्ष्य है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के लिये रवाना होने से पहले इंदौर में मीडिया से चर्चा कर रहे थे.


**कार्यालय नगर परिषद बिरसिंहपुर, जिला सतना (म.प्र.)**

e-mail- cmobirsingpur@mpurban.gov.in Phone-07671-277220

N.I.T क्र 979 (E.T.) / न.प./2025 बिरसिंहपुर, दिनांक 11/12/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर परिषद् बिरसिंहपुर द्वारा पंजीकृत सरकारी संस्था/एन.जी.ओ. से ई-टेण्डर के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in से एवं कार्यालय नगर परिषद् बिरसिंहपुर से प्राप्त की जा सकती है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_449838_1 11/12/2025 | नगर परिषद बिरसिंहपुर के स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 हेतु MIS फीडिंग एवं सिटी प्रोफाइल अपडेशन करने का कार्य एवं स्वच्छता से संबंधित डाक्यूमेन्टेशन का कार्य व IEC गतिविधियों का कार्य स्वच्छता से संबंधित. | 31 मार्च 2026 3,00,000.00 | 2000/- 6,000.00 | 27.12.2025 |

शर्तें:- 1. ई-निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन लाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा। एवं दिनांक 11/12/2025 से दिनांक 27/12/2025 तक ऑन लाईन क्रय कर सकते है।, 2. निविदा में संशोधन की सूचना वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी, समाचार पत्र पर संशोधन की सूचना प्रकाशित नही की जावेगी। 3. सरकारी संस्थान / एन.जी.ओ. को जीवित पंजीयन, पेन कार्ड एवं जी.एस.टी. में पंजीयन का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।, 4. पूर्ण किए गए कार्यों के दो वर्षो का अन्य नगरीय निकायों के एम.आई.एस. एवं सिटी प्रोफाइल अपडेशन एवं डाक्यूमेन्टेशन का कार्य का प्रमाण-पत्र एवं IEC गतिविधियों का प्रमाण-पत्र।, 5. कार्य समय पर पूर्ण न होने में अनुबंध की शर्तों के तहत 10% सकल देयक के कटौती की जावेगी।, 6. कार्य अपूर्ण छोड़ने या समयावधि में पूर्ण न करने का दोषी पाए जाने पर सरकारी संस्थान / एन.जी.ओ. को निकाय स्तर से आगामी कार्यों में भाग लेने से वंचित किया जा सकेगा।, 7. संस्था एवं संविदाकार के पास H.S.I. हेल्थ सेनेटरी इंसपेक्टर (स्वच्छता निरिक्षक) का डिप्लोमा होना चाहिए।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बिरसिंहपुर जिला सतना (म0प्र0)



**जी.के मेमोरियल कालेज आफ एजुकेशन**

गौरा रोड़, चाकघाट तहसील त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र)

**आवश्यकता है**

कालेज कोड़ 28 के तहत B.Ed पाठ्यक्रम हेतु निम्न पदो के लिये स्वलिखित आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों की प्रमाणित छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज की रंगीन फोटो के साथ महिला/पुरूष अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित होकर संस्था कार्यालय में आवेदन करे.

| क्र. | पद विषय | पद संख्या | योग्यता एवं वेतनमान |
|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता शिक्षा | 10 | एन.सी.टी.ई तथा राज्य शासन के नियमानुसार |
| 2 | व्याख्याता संगीत | 01 | |
| 3 | व्याख्याता फाइन आर्ट | 01 | |
| 4 | व्याख्याता शारीरिक शिक्षा | 01 | |

नोट: आवेदन की अंतिम तिथि 24 दिसम्बर 2025

सम्पर्क समय: प्रातः 11.00 से शाम 04.30 बजे तक

अध्यक्ष
चाकघाट विद्या निकेतन बहुउद्देशी समिति
चाकघाट जिला रीवा (म.प्र)



**जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सतना (म.प्र.)**

(सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन)

क्रमांक-जिव्याउके-सत/अधोविक/2025 / 1741 सतना दिनांक 03-12-2025

**औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट का आमंत्रण**

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा सतना जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र मतेहना में रिक्त औद्योगिक भूखंड के आवंटन हेतु **दिनांक 01-12-2025 प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 15-12-2025 को अपराह्न 05.00 बजे तक** एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल mpmsme.gov.in पर संपादित की जाएगी।

प्रक्रिया अंतर्गत प्रमुख शर्ते निम्नानुसार है:-

1. प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क रु 5000/- होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा।
2. आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रब्याजी (premium) की 25% अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी।
3. भूखंडों का आवंटन **मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025** के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। नियम, प्रक्रिया एवं भूखंडों आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट mpmsme.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

महाप्रबंधक
जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र
सतना (म.प्र.)

G-22594/25



**कार्यालय नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)**

**नेशनल लोक अदालत**

**शनिवार, 13 दिसम्बर 2025**

**सम्पत्तिकर, संलग्न करों एवं जल कर के अधिभार में 100% तक की छूट**

**अधिभार में निम्नानुसार छूट प्रदान की जायेगी**

| बकायादार की श्रेणी | छूट का प्रतिशत |
|---|---|
| 1. संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिसमें कर तथा अधिभार की राशि 50,000 रु.तक | 100% |
| 2. संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिसमें कर तथा अधिभार की राशि 1,00,000 रु.तक | 50% |
| 3. संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिसमें कर तथा अधिभार की राशि 1,00,000 रु.से अधिक | 25% |
| 4. जल कर के ऐसे प्रकरण जिसमें कर तथा अधिभार की राशि 10,000 रु. तक | 100% |
| 5. जल कर के ऐसे प्रकरण जिसमें कर तथा अधिभार की राशि 50,000 रु. तक | 75% |
| 6. जल कर के ऐसे प्रकरण जिसमें कर तथा अधिभार की राशि 50,000 रु.से अधिक | 50% |

बकायादार अपने करों की जानकारी नेशनल लोक अदालत दिनांक के पूर्व अपने वार्ड से संबंधित जोन कार्यालय अथवा कार्यालय नगर पालिक निगम से प्राप्त कर सकते है।

**नेशनल लोक अदालत दिवस में निम्न स्थानों पर राशि जमा कर छूट का लाभ प्राप्त करें:-**

| क्रमांक | जोन कार्यालय का पता | सम्मिलित वार्ड |
|---|---|---|
| 1 | कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे धवारी सतना | 01,02,03,04,26,27,28,29,30,31,32,33,34 |
| 2. | मेघदूत होटल के पीछे लालता चौक सतना | 25,35,36,38,39,40,41 |
| 3 | शुक्ला बरदाडीह सतना | 05,06,07,08,09,10,11 |
| 4 | पानी की टंकी के पास नई बस्ती सतना | 12,13,14,15,16,17,18,19,20,21 |
| 5 | सामुदायिक भवन टिकुरिया टोला सतना | 22,23,24,37,42,43,44,45 |
| 6 | मुख्यालय विवेकानन्द भवन नगर पालिक निगम सतना | 1 से 45 |

आयुक्त
नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)



**In The Court Of VI District and Additional Sessions Judge, District Court,Singruali**

Presiding Officer: राकेश कुमार कुशवाह

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(MJC/0000028/2024)

श्यामनारायण दुबे ............वादी Vs

करछलिया.................... प्रतिवादी

Process Id-/2025

पेशी दिनांक:- 27/01/2026

प्रेषिती- (1)करछुलिया पिता कमला प्रसाद शाह पता-सा कचनी बेलौहा टोला जिला सिंगरौली म.प्र.

यह कि प्रार्थी श्यामनारायण दुबे ने आपके विरूद्ध आदेश 09 नियम 4 सीपीसी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 04 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(राकेश कुमार कुशवाह)
षष्ठम जिला न्यायाधीश
जिला सिंगरौली
मुख्यालय बैढ़न (म.प्र.)

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी: आवेदन पत्र

कृपया ध्यान दे:-

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।